# University in News on 26 April 2022

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

## i-NEXT PAGE 2

# 19 स्टूडेंट्स को मिली जॉब



lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (25 Apr):** लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग संकाय में इन दिनों स्टूडेंट्स के कैंपस प्लेसमेंट पर जोर दिया जा रहा है. इस बार फिर बीटेक, बीबीए व एमबीए के 19 छात्र-छात्राओं का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ है. इनमें सर्वाधिक पैकेज तीन लाख 60 हजार रुपये सालाना है. इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक में हर्षित कुमार श्रीवास्तव, काजल झा, हर्षित श्रीवास्तव, नवनीत वर्मा, असमा राजा, आंचल, अभिनव सिंह व तान्या जौहरी का चयन प्रोजेक्ट इंजीनियर के पद पर तीन लाख 50 हजार रुपये सालाना के पैकेज पर हुआ है. बीटेक के बिकास वर्मा, देवाशीष कुमार, मृदुला मौर्या, शिव प्रकाश यादव, मानसी द्विवेदी, मयंकधर पांडेय, शुभेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, स्पर्श और एमसीए की रितिका वर्मा को बतौर सिस्टम इंजीनियर तीन लाख 60 हजार रुपये सालाना पैकेज मिला है. वहीं, बीटेक के धीरज सिंह, बीबीए के अभिषेक वर्मा, कोमल सिंह, उत्कर्ष पांडेय का प्लेसमेंट ट्रेनी रिक्रूटमेंट पद पर दो लाख 60 हजार रुपये सालाना पर हुआ है.

# 5 पकड़े गए नकल करते

**LUCKNOW (25 Apr):** लखनऊ यूनिवर्सिटी की यूजी व पीजी परीक्षाओं में सोमवार को दोनों पालियों में पांच स्टूडेंट्स नकल करते पकड़े गए. सचल दल ने अनुचित साधन का प्रयोग करने के आरोप में कार्रवाई की. सोमवार को एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी फर्स्ट सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार, एमएससी जियोलॉजी, एमएससी बॉटनी, एमकाम फर्स्ट सेमेस्टर सहित अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षा हुई. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पालियों में 8,977 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी और 374 अनुपस्थित रहे. पांच स्टूडेंट्स नकल में पकड़े गए.

## JAGRAN CITY PAGE III

# लवि : इंजीनियरिंग के 19 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में इन दिनों विद्यार्थियों के कैंपस प्लेसमेंट पर जोर है। इस बार फिर बीटेक, बीबीए व एमएबी के 19 छात्र-छात्राओं का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ है। इनमें सर्वाधिक पैकेज तीन लाख 60 हजार रुपये सालाना है।

इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक में हर्षित कुमार श्रीवास्तव, काजल झा, हर्षित श्रीवास्तव, नवनीत वर्मा, असमा राजा, आंचल, अभिनव सिंह व तान्या जौहरी का चयन प्रोजेक्ट इंजीनियर के पद पर तीन लाख 50 हजार रुपये सालाना पर हुआ है। बीटेक के बिकास वर्मा, देवाशीष कुमार, मृदुला मौर्या, शिव प्रकाश यादव, मानसी द्विवेदी, मयंकधर पांडेय, शुभेंद्र बहादुर श्रीवास्तव, स्पर्श और एमसीए की रितिका वर्मा को बतौर सिस्टम इंजीनियर तीन लाख 60 हजार रुपये सालाना पैकेज पर चयनित किया गया है। वहीं, बीटेक के धीरज सिंह, बीबीए के अभिषेक वर्मा, कोमल सिंह, उत्कर्ष पांडेय का ट्रेनी रिक्रूटमेंट पद पर दो लाख 60 हजार रुपये सालाना पर प्लेसमेंट हुआ है।

# लवि : दोनों पालियों में नकल करते पकड़े गए पांच विद्यार्थी

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक व परास्नातक परीक्षाओं में सोमवार को दोनों पालियों में पांच विद्यार्थी नकल करते पकड़े गए। सचल दल ने अनुचित साधन का प्रयोग करने के आरोप में कार्रवाई की। सोमवार को एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी प्रथम सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा इन गर्भ संस्कार, एमएससी जियोलाजी, एमएससी बाटनी, एमकाम प्रथम सेमेस्टर सहित अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षा हुई। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि दोनों पालियों में 8,977 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 374 अनुपस्थित रहे।

**मेधावी छात्र परिषद के लिए कमेटी गठित :** लखनऊ विश्वविद्यालय में मेधावी छात्र परिषद के चयन के लिए कमेटी गठित कर दी गई है। मंगलवार को कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह की ओर से इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया। इसमें अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, डीन आर्ट्स प्रो. प्रेम सुमन, डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा, चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, आइएमएस (इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज) की ओएसडी प्रो. विनीता काचर, एमबीए चौथे सेमेस्टर की छात्रा नलिनी को शामिल किया गया है।

### स्क्रूटनी के परिणाम जारी

लवि ने बीएएमएस और बीयूएमएस दिसंबर-2021 परीक्षा में स्पेशल स्क्रूटनी के परिणाम जारी कर दिए। स्क्रूटनी के लिए 19 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि किसी भी छात्र-छात्रा के अंकों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

# मेधावी छात्र परिषद गठन के लिए समिति बनाई

**अमृत विचार, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्याल में मेधावी छात्र परिषद बनाने की घोषणा की गई है। जिसके लिए सोमवार को एक समिति का गठन कर दिया गया है। इस समिति में कला संकाय डीन, डीन एकेडमिक्स, चीफ प्रॉक्टर, ओएसडी आईएमएस, को शामिल किया गया वहीं डीन स्टूडेंट वेलफेयर को समिति का संयोजक बनाया गया है।

# स्क्रूटनी परिणाम जारी

**अमृत विचार, लखनऊ।** लविवि के बीएएमएस, बीयूएमएस परीक्षा 2021 के स्क्रूटनी परिणाम सोमवार को जारी किए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि 19 छात्र-छात्राओं का स्क्रूटनी परिणाम जारी किया गया है। जिसके परिणाम में कोई बदलाव नहीं है। परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

## HINDUSTAN PAGE 6

# मेधावी छात्र परिषद गठन के लिए समिति बनाई

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्याल में मेधावी छात्र परिषद बनाने की घोषणा की गई है। सोमवार को एक समिति का गठन कर दिया गया है। इस समिति में कला संकाय डीन, डीन एकेडमिक्स, चीफ प्रॉक्टर, ओएसडी आईएमएस को शामिल किया गया। वहीं डीन स्टूडेंट वेलफेयर को समिति का संयोजक बनाया गया है।

# बीएएमएस, बीयूएमएस के स्क्रूटनी परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के बीएएमएस, बीयूएमएस परीक्षा 2021 के स्क्रूटनी परिणाम सोमवार को जारी कर दिए गए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि 19 छात्र-छात्राओं का स्क्रूटनी परिणाम जारी किया गया है। परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।